संख्या-220/2024/।।/686641/2024/23-11099(099)/81/2024

प्रेषक,

अभिषेक गंगवार,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,

लोक निर्माण विभाग,

उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 08-07-2024**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2024-25 में धमार्थ मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण एवं विकास हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-8744/CE-HQ1/DHARMARTH/BAR/2024, दिनांक 15-05-2024 एवं पत्र संख्या-8799/CE-HQ1/DHARMARTH/BAR/2024, दिनांक 21-05-2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि धमार्थ मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण एवं विकास हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 11 चालू कार्य पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल रू0 1781.47 लाख (रूपये सत्रह करोड़ इक्यासी लाख सैतालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/प्रावैधिक/ बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में मणिनाथ मंदिर से मणिनाथ क्रासिंग से सिटी शमसान भूमि तक (अण्डरपास) सड़क निर्माण कार्य (लम्बाई 1.20 कि0मी0) (ओ0डी0आर0 शहरी मार्ग)।	209.81 209.81 10.00 199.81	79.85	80.00
2	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में किला क्रासिंग से अलखनाथ मंदिर से चौधरी तालाब तक सड़क निर्माण कार्य (लम्बाई 1.70 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	483.80 483.80 10.00 473.80	137.04	230.00
3	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में कुदेशिया क्रासिंग हार्टमैन ब्रिज तक सड़क निर्माण तक कार्य (लम्बाई 1.30 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	325.47 325.47 15.00 310.47	190.38	80.00
4	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में हार्टमैन ब्रिज से रामलीला मैदान तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य (लम्बाई 0.800 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	364.34 364.34 25.00 339.34	157.47	120.00
5	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में कुदेशिया क्रासिंग वाया नैनीताल रोड से त्रिवटीनाथ मंदिर से धर्मकांटा चौराहा तक मार्ग का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य (लम्बाई 1.100 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	377.70 377.70 10.00 367.70	232.16	80.00

6	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में धर्मकांटा चौराहे से डेलापीर चौराहे तक मार्ग का नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 2.10 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	293.35 293.35 5.00 288.35	174.68	90.00
7	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में 100 फुटा रोड से पीलीभीत बाईपास तक मार्ग नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 1.750 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	237.45 237.45 5.00 232.45	4.96	190.00
8	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में बनखण्डी नाथ मंदिर से पशुपति नाथ मन्दिर अपोजिट यूनिवर्सिटी पीलीभीत बाईपास नाथ मंदिर (लम्बाई 1.65 कि0मी0 एवं चौड़ाई 6.00 से बढ़ाकर 7.00 मी0 किया जाना) तक सड़क निर्माण का कार्य।	645.10 140.37 3.49 136.88	1.00	100.00
9	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में धूपेश्वर नाथ मंदिर वाया यूवागिनी लाइब्रेरी से बदायूँ रोड, बदायूँ रोड से स्टेशन रोड पुलिस चौकी (लम्बाई 1.80 कि0मी0 एवं चौड़ाई 7.00 मी0) निर्माण का कार्य।	669.92 669.92 25.00 644.92	135.44	325.00
10	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में सुभाष नगर पुलिया से रेलवे कालोनी से पतेश्वरनाथ मंदिर तक का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण (लम्बाई 1.29 कि0मी0 एवं चौड़ाई 7.00 मी0) का कार्य।	592.03 592.03 20.00 572.03	74.01	419.50
11	प्रा0ख0 बरेली	जनपद बरेली में बदायूँ रोड 84 घण्टा मंदिर से मणिनाथ मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य (लम्बाई 0.950 कि0मी0) (ओ0डी0आर0, शहरी मार्ग)।	170.76 170.76 15.00 155.76	81.00	66.97
			योगः-		**1781.47**

<u>नियम व शर्ते प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल एवं पुनरीक्षित शासनादेश की समस्त शर्तो एवं प्रतिबन्ध का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में निहित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 17,81,47,000 (रूपये सत्रह करोड़ इक्यासी लाख सैतालिस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371353 धमार्थ मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण एवं विकास हेतु एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभिषेक गंगवार)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभिषेक गंगवार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in